समाचार
राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन
आयुक्त ने की आजीविका मिशन के कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा
(मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु तत्परता से कार्य संपादन के दिए निर्देश)

कोरबा 07 मार्च 2019 —आयुक्त श्री एस.के.दुबे ने आज राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत किए जाने वाले कार्यो एवं इसके तहत बैंकों में प्रेषित व्यक्तिगत व समूह ऋणों, बैंक लिंकेज एवं स्वीकृत प्रकरणों की बिन्दुवार समीक्षा की। प्रकरणों के निराकरण में आवश्यक गति लाने तथा मिशन के उद्देश्यों की लक्ष्य पूर्ति हेतु अधिकाधिक हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने की दिशा में पूर्ण तत्परता के साथ कार्य संपादन के निर्देश अधिकारियों को दिए।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में बैठक आहूत कर आज आयुक्त एवं जिला परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण कोरबा श्री एस.के. दुबे ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होने सामाजिक गतिशीलता एवं संस्थागत विकास के अंतर्गत स्वसहायता समूह, उनकी आवर्तीनिधि, क्षेत्र स्तरीय संगठन तथा उनकी आवर्तीनिधि, सदस्यों के बचत बैंक खाते एवं शहरी आजीविका केन्द्र संचालन से संबंधित कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। इसी प्रकार कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से रोजगार मुहैया कराने के तहत कौशल प्रशिक्षण पूर्ण किए गए हितग्राहियों की संख्या, प्रशिक्षणरत हितग्राही, रोजगार प्राप्त हितग्राही तथा अन्य विभिन्न कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की, वहीं शहरी बेघरों के लिए आश्रय स्थल योजना, शहरी पथ विक्रेताओं को सहायता, स्वरोजगार कार्यक्रम आदि से संबंधित कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए उन्होने बैंको को प्रेषित किए गए व्यक्तिगत बैंक ऋण, समूह बैंक ऋण, बैंक लिंकेज की समग्र जानकारी लेते हुए इनसे संबंधित स्वीकृत प्रकरणों की बैंकवार समीक्षा की, उन्होने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आजीविका मिशन के कार्यो के आवश्यक गति लाएं, प्रकरणों का निराकरण त्वरित रूप से करवाएं तथा मिशन के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु अधिकाधिक हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने की दिशा में पूरी निष्ठा एवं तत्परता के साथ कार्य करें। बैठक के दौरान निगम के उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, मिशन मेनेजर मनीष कुमार भोई, डी.आर.साहू, अरविंद कुर्रे के साथ—साथ सभी सामुदायिक संगठक उपस्थित थे।